सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 08 फाल्गुन, 1947 (श०) / 27 फरवरी, 2026 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 146**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 27 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 86 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 21 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 07 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) | संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 146 |

## A.P.H.C बनाना

*2680. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के ग्राम-गौरैया में A.P.H.C नहीं होने के कारण आमजन को स्वास्थ्य संबंधित समुचित लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में कबतक A.P.H.C बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## भवन का निर्माण

*2681. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड नरपतगंज के फुलकाहा नवाबगंज स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण सन् 2009-2010 में शुरू हुआ था, परन्तु उसका निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कार्रवाई करना

*2682. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकि नगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भीतहाँ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के विरुद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना द्वारा रिश्वत मांगने एवं अन्य अनियमितता के आरोप में FIR संख्या 65/25, दिनांक 22 अगस्त, 2025 दर्ज की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद जिला चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) द्वारा अभी तक उक्त प्रभारी के पद से नहीं हटाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के दोषी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पद से हटाते हुए कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## भवन का निर्माण

*2683. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नेहुसा के ग्राम-नेहुसा में स्वा० उपकेन्द्र किराये के मकान में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-नेहुसा में स्वा० उपकेन्द्र के भवन निर्माण हेतु थाना नं0-122 के खाता नं0-382, खेसरा नं0-1572 रकबा 14 डी0 गैर-मजरूआ जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बहाल कराना

*2684. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के मुसेपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र सं0-68 पर वर्ष 2006 से आशा के रूप में कार्यरत श्रीमती सुनीता कुमारी, पति-उमेश राय, ग्राम+पोस्ट-कर्सोदियता, थाना-डोरीगंज, जिला-सारण का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि 01 मार्च, 1973 है परन्तु आधार कार्ड में गलती से 01 जनवरी, 1964 दर्ज हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आधार कार्ड में दर्ज गलत जन्म तिथि के आधार पर उनको सेवानिवृत्त कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक गलत दर्ज जन्मतिथि के आधार पर सेवानिवृत्त करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए श्रीमती सुनीता कुमारी की सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*2685. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं अल्ट्रासाउंड मशीन अधिष्ठापित है लेकिन टेक्निशियन की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण रोगियों को उपचार कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में चिकित्सक एवं टेक्निशियन की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*2686. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी, पंचायत रसलपुर, ग्राम-वासुदेवपुर में हाई टेंशन तार के टूटकर लटकने से कमलेश राय, पिता-रामदेव राय की अकस्मिक मृत्यु दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 को हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत रसलपुर, ग्राम-वासुदेवपुर में आवासीय घरों के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरने के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ है, हादसे के बाद भी अब तक उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हाई टेंशन तार उक्त परिसर से हटाने और मृतक के आश्रित को मुआवजा देने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2687. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के पंचायत प्रशस्तडीह में उप-स्वास्थ्य केंद्र, सिमरो वर्तमान में भवनहीन है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केंद्र के भवन निर्माण हेतु ग्राम-सिमरो, मौजा शंकरपुर कोदवार, थाना नम्बर-41, खाता-2922, खेसरा-3370, रकबा-64 डिसमिल सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उपलब्ध सरकारी भूमि पर उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*2688. श्री आनन्द मिश्र (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला भगवान वामन की अवतरण-स्थली तथा प्रभु श्री राम की शिक्षास्थली होने के कारण विशिष्ट धार्मिक महत्व रखता है परन्तु विकास के अभाव में आज भी पिछड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इस क्षेत्र को समेकित धार्मिक-पर्यटन केंद्र अथवा पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने एवं मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कॉलेज खोलना

*2689. श्री राजू तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के गोविन्दगंज विधान सभा में नर्सिंग कॉलेज नहीं होने से छात्र-छात्राओं को दूसरे जिलों में जाकर नर्सिंग की पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गोविन्दगंज विधान सभा के पहाड़पुर प्रखंड में नर्सिंग कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2690. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलांतर्गत घोसी प्रखंड के गोडसर अस्पताल में एक्स-रे मशीन, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट तथा पर्याप्त संख्या में चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ पदस्थापित नहीं हैं, साथ ही ब्लड बैंक हेतु उपकरण एवं मशीनें उपलब्ध होने के बावजूद प्रशिक्षित टेक्निशियन एवं चिकित्सक के अभाव में ब्लड बैंक का संचालन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में उपरोक्त सभी सुविधा उपलब्ध कराते हुए संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार-पोल को हटाना

*2691. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवासीय भवन से सटे बिजली के तार-पोल रहने से हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् उपभोक्ताओं द्वारा भवन के सटे तार-पोल को हटाने संबंधी आवेदन समर्पित करने पर सहायक अभियंता कार्यालय में निर्धारित राशि जमा करायी जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राशि नहीं जमा करने वाले गरीब परिवार को अपने आवासीय भवन के ऊपर या सटे विद्युत् प्रवाह होने से भय के वातावरण में रहने को विवश हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य हेतु राशि जमा करने की बाध्यता समाप्त कर भवन में सटे तार-पोल को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*2692. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सलखुआ प्रखंड के सामहा खुर्द पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु विभाग से स्वीकृति के पश्चात् स्थल चिह्नित कर लिया गया है, परंतु आजतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थापित कराना

*2693. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला मुख्यालय से बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी लगभग 35 कि०मी० और राज्य मुख्यालय (पटना) की दूरी लगभग 135 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुख्य रूप से रामजान की पथ NH-227A पर अवस्थित है, जो एक घनी आबादी वाली क्षेत्र है और इस मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण घायलों की त्वरित उपचार (GOLDEN HOUR) की आवश्यकता होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों की जान बचाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसंतपुर को अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर (Tramua Centre) के रूप में स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2694. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत अंचल पानापुर के नारायणी नदी दियरा क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से बड़े पैमाने पर कृषि कार्य हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर अभीतक बिजली की सुविधा नहीं रहने के कारण कृषकों को कृषि कार्य में काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में कबतक बिजली की सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध करना

*2695. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत बराही पंचायत के सहसराम गाँव में एक प्राचीन महादेव मठ अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हजारों की संख्या में वहां श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं जिनके ठहरने के लिये कोई भवन नहीं है एवं अन्य सुविधा भी उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मठ के प्रांगण में श्रद्धालुओं को सुविधा हेतु भवन एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*2696. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट विधान सभा क्षेत्र के कटरा प्रखंड में माँ चामुंडा स्थान जो प्राचीन एवं अत्यंत प्रसिद्ध आस्था का केन्द्र है, जहां सालों भर लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण पूजा-पाठ, मुंडन आदि संस्कारों में आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान की धार्मिक एवं सांस्कृति महत्ता के दृष्टिकोण से देश के विभिन्न महानुभावों के साथ तत्कालीन उप राष्ट्रपति के आगमन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हुई है परन्तु संरक्षण एवं पर्यटकीय मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण पर्यटकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों का संरक्षण कराते हुये पहुँच पथ, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा सौंदर्यीकरण कराकर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*2697. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर विधान सभा अंतर्गत झउवा बहियार पंचायत एवं हरिण मार्ग पंचायत, जो मुख्यालय से दूर गंगा के उस पार अवस्थित है वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने का कारण यहां के मरीजों एवं परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पंचायतों के लिये एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आपूर्ति सुनिश्चित कराना

*2698. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के कैलाशपुरी शिव मंदिर, माँ विषहाय मंदिर जोल्हनियाँ पंचायत पथय उत्तर तथा बुलन्दी स्थान अमहा, पिपरा धार्मिक स्थल है, जहां नाग पंचमी एवं माघ पूर्णिमा, विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त श्रद्धालुओं के उक्त स्थल पर विश्राम के लिये, पेयजल, शौचालय, स्नान घर आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को दिक्कतों का सामना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के हित में उक्त स्थलों पर धर्मशाला, पंडाल एवं पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कैंसर अस्पताल की स्थापना

*2699. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में सरकार ने अधिकारिक रूप से घोषणा की थी कि बेगूसराय जिला में कैंसर मरीजों को बढ़ती संख्या को देखते हुये एक समर्पित कैंसर अस्पताल की स्थापना की जायेगी ;

(2) क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि उक्त घोषणा के अनुपालन में अबतक भूमि चयन और राशि स्वीकृति की प्रक्रिया लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बेगूसराय जिला में कैंसर अस्पताल स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आश्रय स्थल का निर्माण

*2700. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी विधान सभा क्षेत्र में बरारी एवं कुर्सेला प्रखंड गंगा एवं कोशी के किनारे बसा हुआ है जहां प्रत्येक वर्ष बाढ़ आने के कारण बाढ़ से विस्थापित हुये परिवारों को रहने के लिये आश्रय स्थल का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में बाढ़ से पीड़ित परिवारों के लिये आश्रय स्थल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

समयबद्ध योजना बनाना

*2701. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को मॉडर्न आयुर्वेदिक कॉलेज के रूप में विकसित करने की योजना भूमि हस्तांतरण लंबित रहने के कारण अटकी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कॉलेज परिसर में निकट उपलब्ध सरकारी भूमि के हस्तांतरण की फाइल संबंधित विभागों में लंबित है, जिसके कारण भवन विस्तार, पंचकर्मा सुविधा के विकास तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवश्यक भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करना पंचकर्मा केन्द्र के विस्तार, संसाधन उपलब्ध कराने एवं अस्पताल/कॉलेज के उन्नयन हेतु विशेष फंड उपलब्ध कराने की कोई समयबद्ध योजना रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था उपलब्ध कराना

*2702. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड स्थित सदर अस्पताल में प्रसव सेवाओं के सफल संचालन में आशा दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में आशा दीदियों के बैठने हेतु पृथक आशा कक्ष एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

*2703. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित सदर अस्पताल, छपरा में हृदय रोग, मानसिक रोग और किडणी रोग विशेषज्ञों की स्थायी प्रतिनियुक्ति के अभाव में छपरा और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिये पटना या अन्य निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, छपरा में उक्त तीनों रोगों के विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् ग्रिड पावर स्टेशन की स्थापना

*2704. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत बेनीपुर प्रखंड में वर्ष 2016 में 132/33 के0 भी0 का स्वीकृत जी0एस0एस0 की स्थापना अलीनगर प्रखंड के टीकापट्टी में कर दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में बेनीपुर में तीन पी0एस0एस0 को गंगवाड़ा, हरौली पंडौल विद्युत् ग्रिड पावर स्टेशन पर निर्भर रहना पड़ता है जिसकी दूरी अधिक होने से बिजली आपूर्ति बराबर बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेनीपुर से विद्युत् ग्रिड पावर स्टेशन की कबतक स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली खम्भों को हटाना

*2705. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी नगर परिषद् में स्टेशन रोड, कैनाल रोड, पाली रोड एवं डेहटी बाजार आदि स्थानों पर जगह-जगह बिजली के तार अव्यवस्थित रूप से लटक रहे हैं, साथ ही कई जगहों पर ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली का खम्भा गाड़ कर छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बिजली के तारों को सुव्यवस्थित करते हुए अनावश्यक बिजली के खम्भों को कबतक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् की आपूर्ति

*2706. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखंड के डाकपोखड़ पंचायत के ग्राम कजसेरा में बिजली की बास के खम्बे के सहारे हो रहा है, बाँस के सहारे बिजली की आपूर्ति होने से बार-बार विद्युत् बाधित और दुर्घटनाएं घटित होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में विद्युत् की आपूर्ति पोल लगाकर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्तित्व को बचाना

*2707. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत देव सूर्य मंदिर 9 वीं से 14 वीं शताब्दी के मध्य नागर शैली से निर्मित है, जो वर्तमान में समुचित रख-रखाव के अभाव में अपने अस्तित्व के गंभीर संकट से जूझ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण हेतु विशेषज्ञ संस्थाओं से सहयोग लेते हुये दीर्घकालीन वैज्ञानिक तरीके से मंदिर संरक्षण योजना तैयार कर मंदिर प्रबंधन को मार्गदर्शन देने की अति आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देव सूर्य मंदिर के संरक्षण हेतु विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श लेते हुये दीर्घकालीन संरक्षण योजना बनाकर मंदिर के पौराणिक अस्तित्व को बचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण करना

*2708. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र-संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत जमुई सदर अस्पताल परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुई को मौजा प्रतापपुर में स्थानान्तरित कर उसका निर्माण प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता, जमुई ने ज्ञापांक 2240, दिनांक 29 नवम्बर, 2025 द्वारा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु जमीन उपलब्धता की जानकारी विभाग को दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लिए मौजा प्रतापपुर में पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुई का भवन निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में मौजा प्रतापपुर में उपलब्ध जमीन पर प्रारंभ करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली पोल एवं तार लगाना

*2709. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के बौरहर पंचायत स्थित जिरौल (रामटोला) ग्राम के वार्ड नं0 05 में बिजली का पोल एवं तार नहीं लगने के कारण बांस-बल्ले के माध्यम से घरों तक बिजली की आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बिजली पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतरी विधान सभा मोहड़ा प्रखंड विकसित करना

*2710. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत मोहड़ा प्रखंड स्थित सरेन झरना एक प्राकृतिक एवं आकर्षक स्थल है, जहाँ वर्ष भर जल प्रवाह रहता है तथा स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों से लोग भ्रमण हेतु आते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर सड़क, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं बैठने जैसी आवश्यक पर्यटन आधारभूत सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण समुचित विकास नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल के विकास हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के निर्माण तथा स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2711. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार सभी आमजनों को जनहित में समुचित आवश्यक स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कलेर प्रखंड में पंचायत, उसरी के मौजा उसरी में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी, किन्तु भवन का निर्माण अबतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन कराना

*2712. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सदर हॉस्पिटल किशनगंज जो किशनगंज जिला का एक मात्र हॉस्पिटल है जिसमें अल्ट्रासोनोग्राफी एवं एक्स-रे की रिपोर्ट के लिए रेडियोलॉजिस्ट के दो पद स्वीकृत है जो विगत पाँच वर्षों से रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल किशनगंज में रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने से रोगियों का अल्ट्रासोनोग्राफी एवं एक्स-रे रिपोर्ट नहीं हो पाता जिसके फलस्वरूप रोगियों को प्राइवेट संस्थान में महंगी जाँच दर पर अल्ट्रासोनोग्राफी करानी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर हॉस्पिटल किशनगंज में अविलंब रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने के संबंध में

*2713. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित नगर पंचायत बिक्रम की आबादी 40 हजार के करीब है, जहाँ उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित नहीं रहने से स्थानीय लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रैबिज वैक्सीन शीघ्र उपलब्ध कराना

*2714. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सदर अस्पताल छपरा, अनुमंडलीय अस्पताल मढ़ौरा एवं समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरा में रैबीज वैक्सीन विगत 2 माह से उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण रोगियों को वैक्सीनेशन नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रो में रैबिज वैक्सीन शीघ्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*2715. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पताही प्रखंड के बलुआ जुल्फेकराबाद पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जाँच कराने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टीका तत्काल उपलब्ध कराना

*2716. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 05 फरवरी, 2026 में प्रकाशित समाचार के शीर्षक "चनपटिया सी०एच०सी० में रेबीज का टीका खत्म, खाली हाथ लौट जा रहे हैं मरीज" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत चनपटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रेबीज का टीका उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कुत्ता, सियार, बंदर आदि के काटने से मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र में रेबीज टीका तत्काल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उच्च क्षमता में अपग्रेड कराना

*2717. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू विधान सभा क्षेत्र के मांगुरहिया फतेहपुर, जगदीशपुर बाया, पारू दक्षिणी, भगवानपुर सिमरा, बहिलवारा, दांतापुर पंचभिरवा एवं लालू छपरा पंचायतों में 16KVA के ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण बार-बार जल रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों की आबादी और उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण उक्त क्षेत्रों में 16KVA की क्षमता अपर्याप्त है, जिससे स्थानीय किसानों को पटवन और नागरिकों को भीषण गर्मी में बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पंचायतों में पुराने और जले हुये ट्रांसफॉर्मरों को 63KVA की उच्च क्षमता में अपग्रेड कर अविलंब बदलने का विचार रखती है ?

-------------

भवन का जीर्णोद्धार

*2718. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मनियारी एवं साठी (नरकटियागंज) में अवस्थित भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है जिस कारण रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मनियारी एवं साठी में सभी सुविधाओं की उपलब्धता सहित भवन का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण

*2719. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत शाहपुर प्रखंड के ईश्वरपुरा पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन उपलब्ध नहीं रहने के कारण सरकारी विद्यालय के भवन में संचालित हो रहा है, जिससे विद्यालय की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य सेवाएँ दोनों प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण

*2720. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की "प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल" योजना के तहत सहरसा जिला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महिषी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड के मेनहा ग्राम में भूमि अधिग्रहण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक महिषी विधान सभा क्षेत्र के सत्तर कटैया प्रखंड के ग्राम-मेनहा में मेडिकल कॉलेज स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

GSS डबल सर्किट लाइन का निर्माण

*2721. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर वर्ष 2030-31 तक वर्तमान लोड में 3 गुणा वृद्धि होने की संभावना है तथा वर्तमान में झंझारपुर शहर के लिये 133/11KVPSS झंझारपुर RS का 36 कि०मी० दूर पंडौल ग्रिड से तथा झंझारपुर जेल को 40 कि०मी० दूर स्थित भीठ, भगवानपुर से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुये सुचारू विद्युत् व्यवस्था के लिये झंझारपुर में दरभंगा के प्रस्तावित 220/132KV नये GSS के स्रोत से कनेक्टिविटी के साथ 132/33KV नये GSS के विद्युत् केन्द्र की स्थापना करने की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त नव-प्रस्तावित 220/132KV नये GSS दरभंगा-झंझारपुर GSS डबल सर्किट लाइन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

थावे मंदिर का पुनरुद्धार

*2722. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, पर्यटक विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यटकों के सुविधा के दृष्टिगत 28.97 करोड़ के लागत से विभाग द्वारा थावे मंदिर का पुनरुद्धार किया जा रहा है, जिसे जनवरी, 2025 में पूर्ण किया जाना था, किन्तु उक्त कार्य निर्धारित समयावधि से एक वर्ष विलंब अभीतक 50% कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर का पुनरुद्धार पूर्ण नहीं होने के कारण मूलभूत सुविधाओं का काफी आभाव है तथा बढ़ते पर्यटकों को सम्भाल पाने में वर्तमान व्यवस्था नाकाफी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर के पुनरुद्धार कराने वाले संवेदक को ब्लैकलिस्टेड/डिबार करने तथा नये संवेदक से समयावधि में कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जर्जर तारों को बदलना

*2723. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के मौधो, बगलबाड़ी

एवं गढ़गांव ग्रामों में बिजली के तारों की स्थिति जर्जर है जिस कारण शॉट सर्किट की घटनाएँ हमेशा होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन जीर्णोद्धार कराना

*2724. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत विद्युत् सब-स्टेशन दरगाहा का कार्यालय भवन जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय का भवन जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कर्मी का आर्थिक लाभ

*2725. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्याम शंकर, वरीय लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय, पटना में पदस्थापित को स्वास्थ्य विभाग, बिहार के पत्रांक 179(4), दिनांक 28 फरवरी, 2022 द्वारा बिहार सरकार सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली, 2005 के नियम 14(1) के आलोक में श्री श्याम शंकर वरीय लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय, पटना निन्दन का दण्ड निर्धारित करते हुये निलम्बन से मुक्त करने का आदेश निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दण्ड में बिहार सेवा संहिता के नियम 97 के अनुपालन नहीं किये जाने के कारण संबंधित कर्मी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार सेवा सँहिता के नियम 97 का अनुपालन कर कंडिका (1) के आदेश में संशोधन कर संबंधित कर्मियों को अनुमान्य आर्थिक लाभ देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*2726. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया गाँधीघाट नीम के पेड़ के नजदीक महात्मा गाँधी नीलहा किसानों की बैठक किये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँधीघाट के ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थल पर गांधी संग्रहालय और अतिथिगृह का निर्माण पर्यटक के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर गाँधीघाट संग्रहालय और अतिथिगृह का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

*2727. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला मुख्यालय विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कसरैया धार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होने के बावजूद अभीतक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है जिसके कारण उक्त क्षेत्र का विकास अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कसरैया धार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिफ्टिंग करना

*2728. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर नगर क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण होने के कारण कई बिजली के पोल बीच सड़क पर आने से आवागमन के क्रम में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बीच सड़क पर स्थित बिजली के पोल को सड़क के किनारे शिफ्टिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मशीन अधिष्ठापित करना

*2729. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहारीगंज विधान सभा (मधेपुरा) क्षेत्र के अंतर्गत बिहारीगंज एवं मुरलीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में C.B.C मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को जाँच कराने में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में C.B.C मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन अधिष्ठापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध करना

*2730. श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा AYUSH चिकित्सकों की बहाली की गई है परंतु अधिकांश प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उनकी चिकित्सा पद्धति (आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी) के अनुरूप आवश्यक दवाएँ एवं उपचार सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे वे प्रभावी रूप में मरीजों को इलाज नहीं कर पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी अस्पतालों में AYUSH पद्धति के अनुरूप दवाएँ एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् उप-केन्द्र के स्थापना हेतु

*2731. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत विराट रामायण मंदिर (दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर) निर्माणाधीन है, यहाँ पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की प्रतिदिन काफी भीड़ होती है जिसके कारण विद्युत् की अधिक आपूर्ति की आवश्यकता रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक नया विद्युत् शक्ति उप-केंद्र बनाकर सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, तो कबतक ?

-------------

पदस्थापन एवं सुविधा उपलब्ध करना

*2732. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनीगाछी में शिशु रोग विशेषज्ञ, जेनरल सर्जन एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में फार्मासिस्ट एवं परिधापक के स्वीकृत पद के विरुद्ध पदस्थापन नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं परिधापक का पदस्थापन करने के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित कराना

*2733. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार के बारसोई प्रखंड के कई गाँवों में अस्पताल भवन होने के बावजूद स्थायी डॉक्टरों, नर्सों और जीवन रक्षक दवाओं के अभाव में इलाज न मिलने के कारण प्रसव जैसी आपातस्थिति में मरीजों को पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर या मालदा ले जाना पड़ता है, जिससे रास्ते में ही कई जानें चली जाती हैं, उक्त क्षेत्रों में डॉक्टरों की अनिवार्य तैनाती और एम्बुलेंस की 24x7 उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही सरकार इन केंद्रों को 'मॉडल स्वास्थ्य केंद्र' के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थापित कराना

*2734. श्री विमल राजवंशी (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत रजौली प्रखंड के हरदिया ग्राम पंचायत में स्थित फुलवरिया जलाशय प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था एवं स्थानीय रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फुलवरिया जलाशय को ''नौका बिहार'' अथवा अन्य पर्यटन योजनाओं से जोड़ते हुए यहाँ पर्यटकों के लिए रोपवे, आवास-व्यवस्था, खान-पान सुविधा, पार्क, सेल्फी प्वाइंट, बच्चों के खेल क्षेत्र, वाटर एक्टिविटी एवं सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जाए ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रजौली को राज्य के प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवेदनों का निष्पादन कराना

*2735. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वा० विभाग की अधिसूचना संख्या 1773(2), दिनांक 14 दिसम्बर, 2020 द्वारा बिहार स्वास्थ्य सेवा सम्वर्ग के सामान्य चिकित्सकों को सेवावधि 4 वर्ष पूरी होने पर प्रथम डायनेमिक ए०सी०पी० का लाभ दिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सितम्बर-अक्टूबर, 2025 में चिकित्सकों के डायनेमिक ए०सी०पी० से संबंधित विभिन्न जिलों द्वारा विहित प्रपत्र में भेजे गये सैकड़ों आवेदन मुख्यालय में लंबित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र प्रोन्नति समिति की बैठक तयकर उक्त चिकित्सकों को डायनेमिक ए०सी०पी० से संबंधित विभाग में लंबित आवेदनों का निष्पादन कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेशन स्थापित करना

*2736. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत 33/11 के०वी० विद्युत् शक्ति केंद्र दुर्गावती, दीपक वेप्रो प्रा० लि० फैक्ट्री के कैम्पस में स्थित होने के कारण बिजली विभाग के कर्मचारियों एवं फैक्ट्री के कर्मचारियों से विवाद होता रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युत् केंद्र के 10 एम०वी०ए० ट्रान्सफॉर्मर से लगभग 40 गाँव के साथ-साथ दुर्गावती प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, दुर्गावती स्वास्थ्य केंद्र एवं दुर्गावती बाजार में विद्युत् सप्लाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर हाउस का स्ट्रक्चर, भवन, ऑपरेटर रूम जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(4) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् केंद्र को अन्यत्र विस्थापित कर 5 एम०वी०ए० का अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाने के साथ विद्युत् केन्द्र का स्ट्रक्चर, भवन, ऑपरेटर रूम नया बनाने तथा अन्यत्र का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों की बहाली करना

*2737. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट वर्तमान में बेकार/अक्रिय अवस्था में पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक एवं रेडियोलॉजिस्ट जैसे आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की गंभीर कमी है, जिससे मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र चालू कराने तथा आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहाली करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण करवाना

*2738. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड पकरीबरावाँ के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़ौना तथा उकौड़ा एवं प्रखंड वारिसलीगंज के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकवाय टोला बाघी भवनहीन है, जो किराये के मकान में संचालन हो रही है, जबकि भवन बनाने हेतु ग्राम-बढ़ौना, उकौड़ा तथा बाघी में बिहार सरकार की परती जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण करवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बतलाना

*2739. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत नर्सिंग ट्यूटरों द्वारा दी गई सेवाएँ शैक्षणिक अनुभव की श्रेणी में आती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 24/2025 के अन्तर्गत परमानेन्ट नर्सिंग ट्यूटरों की बहाली में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत नर्सिंग ट्यूटरों को शैक्षणिक अनुभव से वंचित कर दिया गया है जबकि अनुबंध पर नियुक्ति नर्सिंग ट्यूटरों को इसका लाभ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो एक ही कार्य के लिए अनुबंध आधारित और प्रतिनियुक्ति आधारित नर्सिंग ट्यूटरों में भेद करने का क्या औचित्य है ?

विकसित करना

*2740. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा के तारडीह प्रखण्ड में आवास से ढेंगहा, घनश्यामपुर प्रखण्ड के जयदेवपट्टी रसियारी गाँव कमला नदी के किनारे अवस्थित होने के कारण सावन में हजारों संख्या में कांवरिया स्नान करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के किनारे पर्यटकीय सुविधा तथा सौन्दर्यीकरण के अभाव में पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास से वंचित हैं जबकि यहाँ इको-टूरिज्म एवं रिवरफ्रंट के रूप में विकास की काफी गुंजाइश है तथा रोजगार एवं राजस्व की भी प्राप्ति होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कमला नदी के किनारे बसे गाँवों को पर्यटकीय दृष्टिकोण से जोड़ते हुए रिवरफ्रंट के रूप में पर्यटक स्थल को विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना की राशि खर्च कराने का प्रावधान

*2741. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्तर के लगभग 70 वर्ष पुरानी विद्याभारती एवं D.A.V. शिक्षण संस्थानों द्वारा विद्यालय निर्माण एवं पठन-पाठन के क्षेत्र में मा० मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि खर्च नहीं करने का प्रावधान है, जबकि पड़ोसी राज्य झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडीशा एवं उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि खर्च आवंटित किये जाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो विद्याभारती एवं D.A.V. शिक्षण संस्थानों को अन्य राज्य की तरह बिहार राज्य में भी मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि खर्च कराने का प्रावधान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेशन खोलना

*2742. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही एवं खुटौना प्रखण्ड में अग्निशामक स्टेशन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखण्डों में अचानक आग लगने पर अग्निशामक स्टेशन की दूरी अधिक रहने से पीड़ित को काफी क्षति हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखण्डों में अग्निशामक स्टेशन खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करने

*2743. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत दानापुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 13 एवं 18 के बीबीगंज मोहल्ला में स्थानीय सरकारी अस्पताल कर्मियों द्वारा गुप्त रूप से घरों में ही डिलीवरी कराकर मेडिकल वेस्ट एवं पोस्ट ऑपरेटिव ह्यूमन बॉडी पार्ट्स को खुले में सड़क पर फेंक दिया जाता है, जिससे स्थानीय निवासी दुर्गंध से परेशान है, साथ ही फेंके गये सीरिंज से टिटनेस का भी शिकार हो रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जाँच कराकर रोकथाम हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2744. श्री अजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-95 कौंटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कौंटी प्रखण्ड के शिव मंदिर व मधुवन पोखर एवं मड़वन प्रखण्ड के माँ मनोकामना मंदिर प्रतापपुर तथा सुभंकरपुर शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव 11 वर्षों से विभाग में लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर सचिव, पर्यटन के पत्रांक 2209, दिनांक 26 अगस्त, 2014 के द्वारा जिलाधिकारी से मांगे गये प्रतिवेदन के आलोक में डी०एम० मुजफ्फरपुर ने पत्रांक 1216, दिनांक 15 दिसम्बर, 2014 के द्वारा उक्त आस्था के केन्द्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु अनुशंसा के साथ सरकार को प्रतिवेदन भेजा लेकिन अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित पत्र के आलोक में उक्त तीनों मंदिरों को पर्यटक स्थल के रूप में कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण

*2745. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैबिनेट ने 5 सितम्बर, 2023 को गोपालगंज और मुंगेर में नये मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें गोपालगंज मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 2 अरब 99 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी एवं उक्त कॉलेज वर्ष 2025-26 सत्र से शुरू होने वाले मेडिकल कॉलेजों में शामिल किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है समाहर्ता, गोपालगंज ने पत्रांक X2-VII-23/2023-1840/ रा०, दिनांक 25 मई, 2025 द्वारा अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, पटना को मांझा प्रखंड के धनखर/उमर मठिया में उपलब्ध 24 एकड़ 37 डी० सरकारी भूमि पर मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु प्रस्ताव अनुशंसा के साथ भेजी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गोपालगंज जिला के मांझा में उपलब्ध उक्त भूमि पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*2746. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नाथनगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सबौर प्रखण्ड के पंचायत रंजदीपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र एवं पंचायत बैजलपुर स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बैजलपुर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र, रंजदीपुर लगभग 40 वर्षों से श्री बाबू लाल पोद्दार तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बैजलपुर लगभग 07 वर्षों से जीवत मंडल के आवास में भाड़े पर संचालित है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में चिकित्सकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर हटाना

*2747. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड अंतर्गत सोंगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 में महादलित टोला जानेवाली सड़क के बीच में बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगे होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में सरकार कबतक उक्त स्थान से ट्रांसफॉर्मर को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सम्मिलित कराना

*2748. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में अपने विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए माननीय सदस्यों को हर साल 04 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फंड का उपयोग सड़क, नाली, सामुदायिक भवनों, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों और अन्य स्थानीय योजनाओं में खर्च किया जाता है, परन्तु विधान सभा क्षेत्र के सामुदायिक स्थल एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर हाई मास्ट लाइट की योजना नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र के विकास में हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था को सम्मिलित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2749. श्री साम्रीद वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के विभागों के स्थानीय स्थलीय जाँच में क्षेत्रीय विधायक की कोई भूमिका अथवा Counter Signature की व्यवस्था नहीं होने से जाँच की निष्पक्षता प्रभावित होती है तथा किसी पक्ष द्वारा जाँच को प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अपने विभागों के स्थानीय जाँच में क्षेत्रीय विधायकों की भूमिका या जाँच पर उनके Counter Signature को आवश्यक बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति

*2750. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के विभिन्न अस्पतालों में स्वीकृत पद के विरुद्ध में सिर्फ 82 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति है जबकि जिले में 419 डॉक्टरों की आवश्कता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया रेफरल अस्पताल व योगापट्टी सामुदायिक अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिले में 419 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ लौरिया व योगापट्टी में महिला चिकित्सक उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2751. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड के केवटी पंचायत स्थित रजोखर पोखर आस्था का केन्द्र रहा है, किन्तु वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समपुष्टि कराना

*2752. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्टाफ ग्रेड ए नर्स की सेवा समपुष्टि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार, पटना से किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सेवा समपुष्टि नहीं होने के कारण स्टाफ ग्रेड ए नर्स को पदोन्नति नहीं दी जा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के कई स्टाफ ग्रेड ए नर्स की सेवा समपुष्टि अभीतक स्वा० निदेशालय, बिहार, पटना के स्तर पर लम्बित होने के कारण पदोन्नति नहीं हो सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टाफ ग्रेड ए नर्स की सेवा समपुष्टि कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अपना भवन बनाना

*2753. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के खरीक प्रखंड में सिंहकुण्ड, लोकमानपुर, लोदीपुर सहित 13 पंचायत में स्वास्थ्य उप-केंद्र (HSC) है, लेकिन भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कालूचक में स्वास्थ्य उप-केंद्र का अपना भवन है लेकिन उस भवन में थाना संचालित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केंद्रों का अपना भवन बनाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जान-माल की रक्षा

*2754. श्री भीषम प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत जीरादेई प्रखंड के जामापुर बाजार में 200 KVA का ट्रांसफॉर्मर स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 11KVA क्षमता का विद्युत् तार 50 से अधिक S.C और S.T के घरों से गुजरा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि हाई टेंशन तार के कारण हजारों की तादाद में आमजनता प्रभावित है और दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस हाई टेंशन तार का मार्ग बदलकर ग्रामीणों के जान-माल की रक्षा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2755. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के महुएत पंचायत के ग्राम-पाले

में विभाग द्वारा दिनांक 21 जून, 2007 को अतिरिक्त प्रा० स्वा० केंद्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, गयाजी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार एवं बी०एम०एस०आई०सी०एल०, पटना को जमीन उपलब्ध करा दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*2756. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसा प्रंखड के पंचायत रायबेर, ग्राम-दिंगहोच में कृषि ट्रांसफार्मर वर्ष 2023 में जलने के कारण उक्त गाँव के कृषकों को खेत में फसल की सिंचाई में बड़ी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 02 साल से नये ट्रांसफॉर्मर के अधिष्ठापन हेतु कृषकों द्वारा विभाग को आवेदन किये जाने के बाद भी अबतक ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पिछले 02 वर्ष से अधिक जले ट्रांसफॉर्मर को नहीं बदलने का क्या औचित्य है, साथ ही सरकार कबतक उक्त गाँव में एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटकीय विकास करना

*2757. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड में अवस्थित स्तूप परिसर में राजमाता मंदिर है जो अविकसित है, यदि हाँ, तो क्या पर्यटकीय दृष्टिकोण से उक्त राजमाता मंदिर का विकास कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपचार कराना

*2758. श्रीमती दीपा कुमारी (क्षेत्र संख्या-227 इमामगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के बांकेबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलैया के ग्राम-धनेता टोला, भकतौरी में दूषित पानी पीने से कुछ ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण उनके पैर टेढ़-मेढ़े हो जाते हैं, विशेषकर बच्चे एवं वृद्ध के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार स्वास्थ्य विभाग से एक उच्चस्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की कमिटी गठित कर उक्त बीमारी की जाँच कराकर प्रभावित लोगों का उसका उचित उपचार कराने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2759. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत डगरूआ प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,

डगरूआ में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला चिकित्सक के अभाव में क्षेत्र के गर्भवती महिलाएं, किशोरियां एवं सामान्य महिलाएँ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद उपचार से वंचित हो रही हैं और इन्हें मजबूरन निजी या दूरदराज के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कराना

*2760. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के स्वास्थ्य उप केंद्र, पछियारी पिपरा में भवन नहीं है जिसके कारण उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्र एक कमरे के निजी भवन में चलाया जा रहा है जिससे रोगियों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त उप-केंद्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*2761. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के नगर परिषद् शेरघाटी अंतर्गत सैकड़ों वर्ष प्राचीन दुल्हिन मंदिर के नाम से जाना जाता है जो करीब 10 एकड़ भूमि में फैला हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुल्हिन मंदिर में वास्तुकला का अद्‌भुत नमूना है, जिसमें शहर की कई प्राचीन परम्पराएं शामिल है लेकिन देखभाल के बगैर मंदिर का अस्तिव संकट में आ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुल्हिन मंदिर को पर्यटक स्थान के रूप में विकसित करते हुए पर्यटन का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल में परिवर्तित कराना

*2762 . श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के शाहकुण्ड प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहकुण्ड स्थित है, जहाँ बहुत अधिक मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड की घनी आबादी है तथा कोई रेफरल अस्पताल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शाहकुण्ड को रेफरल अस्पताल में परिवर्तित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करना

*2763. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फपुर जिला अन्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र का बनवारी नाथ मंदिर, दूधनाथ मंदिर और राधा कृष्ण मंदिर अत्यंत प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिरों को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्रों को चालू कराना

*2764. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी, बरौनी, बेगूसराय एवं शाम्हों अकहा-कुरहा प्रखंडों में वर्ष 2007-08 में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा 25 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति दी गयी थी, परन्तु आजतक उन स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का न तो भवन निर्माण हुआ न ही स्वास्थ्य सेवा बहाल हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिसूचित करना एवं सृजित पद का पदस्थापन

*2765. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जाले का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन दिनांक 23 सितम्बर, 2024 को माननीय मंत्री द्वारा किया गया है, परंतु अबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जाले में कुल 61 पद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिंहवाड़ा में 62 पद स्वीकृत हैं जबकि वर्तमान परिवेश में जाले में मात्र 05 स्वास्थ्य कर्मी तथा सिंहवाड़ा में 16 स्वास्थ्य कर्मी कार्यरत हैं, जिसके कारण आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जाले को विभाग द्वारा अधिसूचित करने तथा उक्त दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पदों के अनुरूप पदस्थापन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2766. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखण्ड के जहांगीरपुर पंचायत के लगमा गाँव स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर प्राईवेट भवन में चल रहा है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्पेशल वार्ड का व्यवस्था

*2767. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज विधान सभा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, साहेबगंज में बहुतायत में महिलाएँ प्रसव के लिए आती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से महिलाओं को प्रसव में कठिनाइयां होती है ;

(3) क्य यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं के प्रसव के लिए स्पेशल वार्ड की व्यवस्था नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर की नियुक्ति के साथ ही प्रसव के लिए स्पेशल वार्ड की व्यवस्था यथाशीघ्र करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कारवाई करना

*2768. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संकट मोचन पथ मोड़ स्थित साकेत विहार मित्र मंडल कॉलोनी अनीसाबाद, पटना में पूर्व से लगे नंगे बिजली तार को हटाकर केबुल तार लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केबल तार श्री लाला कमल किशोर सिन्हा के घर के पास पूर्व से बिजली पोल में लगे ऐंगल नहीं बाध कर घर के छत पर डेढ़ फीट अंदर रखकर सीधे बिजली पोल से बांध दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त श्री सिन्हा के घर के दोनों छोड़ स्थित पोल में एंगिल पर केबुल तार बांधते हुए छत से बाहर करने एवं इसके लिए जवाबदेह पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार करती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नियुक्ति करना

*2769. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के सचिव के पत्रांक 3827, दिनांक 19 जून, 2024 द्वारा सहायक सरकारी वकील के पद पर वचनबद्धता हेतु सूचित उपलब्ध कराने का निदेश जिला पदाधिकारी, मधेपुरा को तथा सरकार के अवर-सचिव के पत्रांक 9367, दिनांक 17 नवम्बर, 2022 जिला दंडाधिकारी को लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, सरकारी वकील/सहायक सरकारी वकील एवं विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति हेतु अनुशंसा सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, तद्नुसार जिला पदाधिकारी, मधेपुरा एवं जिला सत्र न्यायाधीश, मधेपुरा द्वारा समेकित रूप से सूची वर्ष 2024 में ही उपलब्ध करा दी गई है, जिसमें से लोक अभियोजक की नियुक्ति तो की गई परंतु अन्य पदों पर नियुक्ति अभीतक लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष अनुशंसित विभिन्न पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रतिनियुक्ति करना

*2770. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, त्रिवेणीगंज में एनेस्थिसिया विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, लैब विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जन तथा अस्पताल उपाध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण रोगियों का उपचार सही ढंग से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों एवं उपाध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रतिनियुक्ति कराना

*2771. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत प्रखंड-पुनपुन के पंचायत लखना उत्तरी-पश्चिम के ग्राम-बिजू विगहा में 36 बेड का प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र है परन्तु डाक्टर के नहीं बैठने से ग्रामवासियों को इलाज हेतु लगभग 10 किलोमीटर दूर पुनपुन जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत लखना उत्तरी-पश्चिम के ग्राम-बिजू विगहा के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में दो डाक्टरों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

महिला चिकित्सक की पदस्थापना

*2772. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड नरपतगंज के स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने के कारण महिला मरीजों को इलाज कराने में काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नरपतगंज स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की पदस्थापना कराने का विचार करती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2773. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गोराईपुर बल्वा के ग्राम-चिस्तीपुर में स्वा0 उप-केन्द्र किराये के मकान में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम चिस्तीपुर में स्वा0 उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन ग्राम-चिस्तीपुर के सटे ग्राम-मुशहरी में खाता नं0-62, 79 खेसरा नं0-285, 284 कुल रकबा 25 डी0 जमीन अस्पताल बनाने हेतु माननीय राज्यपाल बिहार के नाम से निबंधित है, जिसका निबंधित दान पत्र सं0-8633 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम-मुशहरी में अस्पताल के नाम से उपलब्ध जमीन पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चिस्तीपुर का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2774. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के ग्राम पंचायत धुआबै (ग्राम-धुआबै) में माह सितंबर, 2023 से उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होने के पश्चात् लगभग ढाई वर्ष बीत जाने के उपरांत भी उक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण अबतक अधूरा पड़ा है, जिसके कारण स्थानीय आबादी को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जन-स्वास्थ्य परियोजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कॉलेज एवं चिकित्सा सेंटर को पुनर्जीवित करना

*2775. श्री आनन्द मिश्र (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के अहिरौली स्थित धन्वन्तरि आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय की स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी, जहाँ वर्तमान स्थित संस्थान के लंबे समय से बंद रहने के कारण भवन एवं आधारभूत संरचना यथा भवन, कैंपस के जर्जर होने एवं स्वीकृत पद के अनुसार शिक्षक/कर्मचारी की अनुपलब्धता के कारण शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित हो रही है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कॉलेज एवं चिकित्सालय के आधारभूत संरचना को अपग्रेड कर एवं रिक्त पदों पर बहाली कर कॉलेज एवं चिकित्सा सेंटर के रूप में पुनर्जीवित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*2776. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंडान्तर्गत ग्राम-बिन्दगामा के निकट तीन नदियों सोन, गंगा एवं सरयु का संगम स्थल है जहां पुरूषोतम राम ने भी स्नान किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्तिक एवं माघ मास में पड़ने वाले स्नान तिथियों तथा मकर संक्राति के दिनों में लाखों की संख्या में लोग संगम स्थल पर स्नान करने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित कर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापना कराना

*2777. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला मुख्यालय से 50 कि०मी० दूर स्थित लकड़ी नबीगंज जिसके जनसंख्या 2 लाख एवं 35 कि०मी० गोरेयाकोठी जिसकी जनसंख्या आबादी 4 लाख है, के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHC) में स्त्री रोग, शिशु रोग एवं जेनरल सर्जन के एक-एक पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेषज्ञों के पद रिक्त होने के कारण स्थानीय जनता को जेनरल सर्जरी, महिला रोग एवं शिशु रोग उपचार हेतु जिला अस्पातल या राज्य मुख्यालय (पटना) की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन की हानि के साथ-साथ मरीजों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्रों में रिक्त विशेषज्ञों चिकित्सकों की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*2778. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंचल तरैया श्रीराम जानकी मंदिर, तरैया एवं इसुआपुर अंचल के श्री शिवमंदिर, सढ़वारा (चहपुरा) तथा पानापुर अंचल के नारायणी नदी के तट पर मधुरा धाम कोंध को वित्तीय वर्ष 2014-15 में पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गयी थी, तत्क्षण उसका प्राक्कलन बनाकर विभाग को भेजा गया था, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों को पर्यटन स्थल में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निरस्त करना

*2779. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार के पत्रांक 996 (4), दिनांक 19 जून, 2025 एवं पत्रांक 999 (4), दिनांक 19 जून, 2025 द्वारा स्वास्थ्य विभागीय लिपिक का पद राज्यस्तरीय संवर्ग करते हुये सिविल सर्जन स्तर से सभी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगायी गयी है, जिससे सिविल सर्जन स्तर से लिपिक पर कोई भी कार्रवाई नहीं होने के कारण लिपिक मनमाने तरह से कार्य करते हैं तथा एक ही स्थान पर कई वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहरणालय स्तर पर समाहरणालय लिपिक संवर्ग नियमावली प्रभावी हैं एवं इस संवर्ग के लिपिक जिलास्तरीय संवर्ग के लिपिक हैं, जिनपर जिला पदाधिकारी स्तर से कार्रवाई की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पत्रांक को निरस्त कर जिलास्तरीय समाहरणालय लिपिक संवर्ग जैसा पूर्व की तरह जिलास्तरीय संवर्ग लागू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*2780. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड स्थित दहिला पटशर्मा के भूसरा मन्न में लगभग 450 एकड़ प्राकृतिक जलभराव/नदी का परित्यक्त बहाव क्षेत्र उपलब्ध है, जहां जल संचयन कर स्थायी झील का निर्माण किया जा सकता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दहिला पटशर्मा भूसरा मन्न में झील निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कर इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल बनाना

*2781. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर विधान सभा के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत हरिणमार ग्राम पंचायत सहित पाँच पंचायत भौगोलिक रूप से गंगा नदी के उस पार दियारा क्षेत्र में अवस्थित है, जहां की आबादी लगभग 60-70 हजार के करीब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के लोगों को इलाज के लिये आकस्मिक स्थितियों में जिला अथवा रेफरल अस्पताल पहुँचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसमें कई बार मरीजों को ससमय इलाज न मिल पाने के कारण जान से हाथ धोना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरिणमार ग्राम पंचायत में 40 बिस्तरों वाला एक CHC/ रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोखर को सुन्दर बनाना

*2782. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड के धोबीयाही पोखर वीणा पंचायत वार्ड नं०-09 तथा किशनपुर प्रखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग-57 टोला प्लाजा से दक्षिण एवं सरायगढ़-निर्मली रेल खंड से उत्तर सालों भर जल भरा रहता है तथा पर्यटन की दृष्टि से काफी उपर्युक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जलाशय/पोखर की पर्यटन के हिसाब से सुन्दर तथा नौका विहार कराने योग्य बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सक का पदस्थापन

*2783. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को 40 कि०मी० दूरी तय कर अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

समयबद्ध योजना

*2784. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अप्रैल 2025 से दिसम्बर, 2025 के बीच भागलपुर जिले में कैंसर के 193 नये मरीज पाये गये, जिसमें मुँह के कैंसर मामलों सर्वाधिक है तथा महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर दूसरे स्थान पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी बिहार, सीमांचल एवं भागलपुर में अत्याधुनिक कैंसर जाँच एवं समुचित उपचार हेतु समर्पित कैंसर जाँच केन्द्र उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मरीजों को पटना अथवा अन्य राज्यों में जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर में कैंसर जाँच, कीमोथेरापी एवं समुचित उपचार हेतु अत्याधुनिक कैंसर उपचार केन्द्र स्थापित करने तथा चल रहे गैर-संचारी रोग जांच अभियान को स्थायी स्वरूप देने का समयबद्ध योजना रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निष्पादन कराना

*2785. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना जहां नयी दिल्ली स्थित एम्स, के तर्ज पर नियम लागू है जिसके अनुसार उक्त संस्थान में सात सदस्यीय शिकायत निवारण समिति का पुनर्गठन दिनांक 29 अप्रील, 2025 को किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समिति में लैब असिस्टेन्ट एवं वरीय प्रशासनिक सहायक पद सहित अन्य पदों की प्रोन्नति, वर्षों से लंबित मामला एवं वेतन लेवल में सुधार सहित अन्य 14 कर्मियों / पदाधिकारियों का शिकायत निवारण समिति में निष्पादन करना था लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संस्थान में खंड (2) में वर्णित समस्याओं को नयी दिल्ली एम्स की तरह प्रोन्नति, लंबित मामला सहित अन्य 14 कर्मियों/पदाधिकारियों का शिकायत निवारण समिति में निष्पादन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर स्थानांतरित करना

*2786. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी नगर परिषद् में पानी टंकी स्थल पर तीन ट्रांसफॉर्मर स्थापित है, जबकि वह स्थल काफी संकीर्ण है जहां लोगों का आवागमन ज्यादा होने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पानी टंकी स्थल के बगल में ही PHED कैंपस में काफी जगह खाली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर को बगल के PHED कैंपस में स्थानांतरित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सक पदाधिकारी का स्थानांतरण

*2787. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के प्रावधान के अनुसार कोई सरकारी सेवक एक स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय तक पदस्थापित नहीं रह सकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के पी०एच०सी०, बहादुरगंज केन्द्र में चिकित्सक पदाधिकारी (डॉ० रिजवान तबस्सुम) विगत 11 वर्षों से एक ही स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रावधान के आलोक में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक पदाधिकारी का स्थानांतरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल बदलना

*2788. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी विधान सभा क्षेत्र के मधवापुर प्रखंड में विद्युत् पोल एवं जर्जर तारों को बदलने के लिए विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व निविदा निकाली गई थी, जिसके क्रम मे अभिकर्ता की बहाली भी की गई थी, बावजूद इसके विभागीय शिथिलता के कारण आजतक बिजली तार पोल बदलीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, जिसके कारण साहर दक्षिणी पंचायत के वार्ड नं0 3, 4 पचायंत तरैया, पिहवाड़ा एवं बिहारी पंचायत सहित दर्जनों जगह पर अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मधवापुर प्रखंड के जर्जर विद्युत् तारों एवं पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*2789. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अतरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मोहड़ा प्रखंड स्थित तपोवन के पर्यटक स्थल पर्यटन विभाग की सूची में शामिल होने के बावजूद आजतक समग्र जीर्णोद्धार एवं विकास योजना से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर पक्की संपर्क सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र एवं सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में तपोवन उक्त के जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत संरचना विकास के साथ एक दिवसीय वराहिक तपोवन महोत्सव को दो दिवसीय कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*2790. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के मौजा कुवरी में एक पुराना सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल है जिसका भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण पूर्ण नहीं है तथा वर्तमान में यह अस्पताल निजी भवन में किराए पर संचालित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का पुनर्निर्माण कराना

*2791. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को प्रकाशित शीर्षक 'पोठिया रेफरल अस्पताल का नहीं हो सका उद्घाटन, भवन खंडहर में तबदील' के आलोक में, क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, पोठिया के भवन का निर्माण विगत 30 वर्ष पूर्व होने के बावजूद उद्घाटन नहीं होने के कारण खंडहर में तबदील हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन कार्यालय, किशनगंज द्वारा दिनांक 2 दिसम्बर, 2025 को निर्गत किशनगंज जिला में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के स्वीकृत पद की सूची के अनुसार रेफरल अस्पताल, पोठिया में चिकित्सकों के स्वीकृत 4 पद के विरुद्ध एक (01) चिकित्सक पदस्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रेफरल अस्पताल, पोठिया के भवन का पुनर्निर्माण कराकर अविलंब संचालन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खेती तक बिजली पहुँचाना

*2792. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के सरौगढ़, महुआवा पूर्वी, महुआवा पश्चिमी, पूर्वी खड़त्तरी, खड़त्तरी पश्चिमी, खड़त्तरी मध्य, कपूर पकड़ी, हराज नुरूलाहपुर, सिरौना सहित अन्य पंचायत में अधिकांश किसानों के खेतों तक बिजली नहीं पहुँचायी गयी है जिसके कारण किसानों को डीजल पम्प से पटवन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में किसानों के खेतों तक बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*2793. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सरैया एवं पारू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला सर्जन के पद लंबे समय से रिक्त रहने के कारण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव (Delivery) और सिजेरियन ऑपरेशन जैसी आपातकालीन सुविधाओं के लिए निजी अस्पतालों या दूर-दराज के केन्द्रों पर जाना पड़ता है, जिससे निर्धन परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में सरैया एवं पारू सी0एच0सी0 (CHC) में इन विशेषज्ञों की स्थायी नियुक्ति कराने हेतु कोई ठोस कदम उठा रही है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2794. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लौरिया प्रखंड अंतर्गत अवस्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र, डुमरा, तेलपुर, बसबरिया किराये के मकान में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में अपना भवन नहीं रहने के कारण समुचित रूप से इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लौरिया अंतर्गत उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र में भवन का निर्माण

*2795. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत शाहपुर प्रखंड में खुटहा पंचायत के करनामेपुर गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन अत्यंत जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव के कारण उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र वर्तमान में गाँव के गली, कभी दुरा दलान में संचालित हो रहा है, जिससे महिलाएं, बच्चे, बुजुर्गों एवं पंचायत वासियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के लिए नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई करना

*2796. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत महिषी प्रखंड के भेलाही में 132/33 के0भी0. ग्रिड सब-स्टेशन-सह-विद्युत् आपूर्ति प्रशाखा का वर्ष 2016-17 में प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रिड सब-स्टेशन से दो अन्य सब-स्टेशनों डरहार एवं ऐना को विद्युत् आपूर्ति की जाती है जिस कारण उक्त ग्रिड सब-स्टेशन पर अत्यधिक भार रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्रिड सब-स्टेशन को GSS के रूप में कबतक परिवर्तित कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2797. मो0 सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के बिशनपुर एवं अलता स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सरकारी एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्रों पर पदस्थापित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी अनुबंध के आधार पर कार्यरत है तथा अस्पताल का अपना भवन नहीं रहने से स्वास्थ्य सुविधा सुचारू रूप से संचालित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थायी एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने, रिक्त पदों पर नियमित डॉक्टरों का पदस्थापित करने और भवन निर्माण कराकर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2798. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान सभा क्षेत्र की प्रथम श्रेणी परिचारिका श्रीमती ललिता कुमारी हांसदा को 500 कि0मी0 की दूरी तयकर सदर अस्पताल, मोतिहारी जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परिचारिका को अपने वृद्ध एवं बीमार पिता की देखभाल एवं सेवा सुश्रुषा के निर्वहन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त परिचारिका की तरह अन्य स्वास्थ्य कर्मियों जिनकी प्रतिनियुक्ति दूरस्थ अस्पताल में हुई है, का स्थानांतरण निकट के सदर अस्पताल में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2799. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशहर वार्ड 7, 8, 9 में जर्जर तार एवं मोहन चौधरी के घर के सामने सरकारी जमीन बोधी देवी परती में नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी द्वारा 2023 में कार्यपालक अभियंता, विद्युत् विभाग को उपलब्ध कराने के बावजूद आजतक कोई प्रगति नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार जर्जर तार बदलने तथा नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटकीय सुविधा हेतु

*2800. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)</u>--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के कैथवलिया में निर्माणाधीन विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर तथा उसमें स्थापित दुनिया के सबसे बड़े शिवलिंग का दर्शन करने के लिए भारी संख्या में प्रतिदिन देशी एवं विदेशी (नेपाल से) पर्यटक आ रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पर्यटकों के लिए कोई सुविधा नहीं रहने से उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पर्यटकीय सुविधा यथा आवास-पानी इत्यादि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*2801. <u>श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के रेफरल अस्पताल, मनीगाछी एफआरयू के रूप में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में फिजिशियन, सर्जन, डेनटिस्ट, पैडियाट्रिशियन एवं नेत्र चिकित्सक नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में स्टाफ नर्स, लैब टेकिनशियन, ओटी असिस्टेंट, परिघापक एवं महिला वार्ड एटेंडेंट के स्वीकृत पद के विरुद्ध पदस्थापन नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल, मनीगाछी में उक्त विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ की पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुनिश्चित करना

*2802. <u>श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बारसोई प्रखंड में आशा चयन प्रक्रिया में निर्धारित गाइडलाइंस के उल्लंघन और चयन में धांधली की शिकायतें आई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा इसमें स्थानीय आशा मैनेजर एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की मिलीभगत की शिकायतें प्राप्त हुई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान आशा मैनेजर बारसाई अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग 10 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो स्थानांतरण नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बारसोई प्रखंड में आशा चयन प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई तथा पात्र अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

खर्च का भुगतान करना

*2803. <u>श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)</u>--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत प्रखंड पकरीबरावाँ के ग्राम-एरूरी में दिनांक 02 जून, 2025 को तेज आँधी चक्रवात के कारण घर की दीवार गिर जाने से 1. सरयुग यादव 2. वृजनन्दन यादव 3. कुसुम देवी सहित 14 व्यक्ति घायल हो गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 03 जून, 2025 को उक्त घटना में घायल सरयुग यादव का इलाज के क्रम में सदर अस्पताल, नवादा एवं दिनांक 04 जून, 2025 को वृजनन्दन यादव का इलाज के क्रम में पी०एम०सी०एच०, पटना में मृत्यु हो गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को आपदा कोष से 4-4 लाख रुपया अनुदान देने के साथ गंभीर रूप से घायलों का इलाज में हुए खर्च का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति कराना

*2804. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत परसा विधान सभा के परसा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जेनरल सर्जन एवं फिजिशियन कार्यरत नहीं है, जिस कारण मरीजों को इलाज में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जेनरल सर्जन एवं फिजिशियन की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य प्रबंधक

*2805. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2007 में NRHM के तहत प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य प्रबंधक और लेखापाल की नियुक्ति की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के आलोक में स्वास्थ्य प्रबंधक को स्थायी वेतनमान में कर लिया गया है, लेकिन लेखापाल को अनुबंध पर रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक विज्ञापन के तहत खंड (1) में नियुक्त किये गये कर्मी में से लेखापाल को PHMC में शामिल करते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक के वेतनमान में शामिल कराने का विचार रखती है, हाँ, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*2806. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत नाथनगर विधान सभा क्षेत्र के सबौर प्रखंड में विभिन्न स्थानों पर 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन का नंगा तार मुख्य सड़क पर है तथा जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन नंगा तार के कारण निर्बाध विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पाती है, साथ ही आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में नंगे तार का कवरिंग कर केबलिंग कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा राशि उपलब्ध करना

*2807. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत हरपुर भिण्डी निवासी जयकुमार सहनी की मृत्यु सर्पदंश से दिनांक 01 मई, 2025 को हो गयी थी जिसका ताजपुर थाना कांड संख्या 03/25 दर्ज है तथा उक्त मृतक के परिजनों को आपदा की मुआवजा राशि अभीतक नहीं मिलने से उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के परिजनों को आपदा की मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घोषित सहायता राशि

*2808. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के ग्राम एवं पो०-महथा, पंचायत लदनियाँ, निवासी श्री इन्द्रजीत पासवान का वर्ष 2020 में कोविड 19 महामारी के दौरान दिल्ली स्थित AIIMS, अस्पताल में दिनांक 17 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोविड मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने के प्रावधानानुसार अबतक उनके परिजनों को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार के आश्रित को घोषित सहायता राशि कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आग्रह करना

*2809. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में अभीतक सिर्फ दो एम्स पटना एवं दरभंगा में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एम्स अस्पताल के अभाव में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण सहित अन्य जिलों के रोगियों को इलाज करवाने दूसरे राज्य में लखनऊ एवं गोरखपुर जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पातल हेतु बेतिया राज्य बैलहट्टा में लगभग दो सौ एकड़ जमीन की उपलब्धता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त जिलों के मरीजों के ससमय समुचित इलाज के लिए बेतिया में एम्स अस्पताल खोलने हेतु भारत सरकार से आग्रह करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2810. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड में नयागाँव पूर्वी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड के भरहुल्ली एवं सढवारा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण किसी निजी किराये के मकान में स्वास्थ्य सुविधा संचालित की जा रही है, जिस कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा सुगम करने के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2811. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड चोरौत, बोखड़ा सुप्पी, परसौनी डुमरा में छः शैय्या वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत एवं संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सरकार द्वारा तीस शैय्या वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तीस शैय्या वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के रूप में पद की स्वीकृति एवं अस्पताल का संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली की आपूर्ति कराना

*2812. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत बिहपुर विधान सभा के ग्राम सोनवर्षा गौरीपुर, अमरपुर, बभनगामा, मड़वा, जयरामपुर, शाहपुर चौहद्दी, मौजमा, गनौल, रायपुर पंचायत, आषाटोल, पहाड़पुर और भ्रमरपुर सहित खरीक प्रखंडों के दर्जनों पंचायत में अभीतक किसानों के खेतों में सिंचाई के लिये बिजली की आपूर्ति नहीं रहने के कारण किसानों को डीजल पंप से पटवन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में किसानों के खेतों तक बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा प्रदान करना

*2813. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसा प्रखंड के सिरसी पंचायत वार्ड नं० 11 ग्राम-मठवाटोली पोखरिया के 40 परिवारों के घर महानंदा नदी में वर्ष 2017 में कटकर विलिन हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी 40 परिवार वर्ष 2017 से ही विस्थापित होकर सड़क के किनारे तंबू एवं झोपड़ी लगाकर शरण लिये हुये हैं, जिन्हें अबतक आपदा नियमावली के अनुरूप मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आपदा से पीड़ित सड़क के किनारे तंबू एवं झोपड़ी लगाकर जीवन यापन करने वाले सभी परिवारों को नियमावली अनुसार 05 डी० भूमि एवं अन्य मुआवजा प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना क्रियान्वित कराना

*2814. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों एवं ह्रदय में छेद वाले बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था बिहार के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसे पीड़ित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल ह्रदय योजना के तहत इलाज के लिये बिहार से बाहर दुसरे प्रदेशों के अस्पतालों में भेजा जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों एवं ह्रदय में छेद वाले बच्चों के समुचित इलाज की सुविधा बिहार के सभी अस्पताल में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2815. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के डगरूआ प्रखंड अन्तर्गत चांपी पंचायत के चांपी गांव एवं अधकैली पंचायत के टरिया-पिपरा गांव में दर्जनों कृषि उपभोक्ता रहने के बावजूद भी विद्युत् आपूर्ति नहीं की गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांव में कृषि कार्य हेतु विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*2816. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मेंहदीनगर तथा स्वास्थ्य उप-केन्द्र, जहांपुर का भवन नहीं होने के कारण उपचार का लाभ रोगियों को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् उप-केन्द्र निर्माण करवाना

*2817. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के शेरघाटी प्रखंड के ग्राम-गोपालपुर में बिजली आपूर्ति 08 कि०मी० दूर पावर ग्रिड से कराया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर ग्रिड की दूरी अधिक रहने के कारण लोगों को बिजली आपूर्ति ससमय नहीं मिल पाता है एवं शेरघाटी और डोभी प्रखंड के बीच स्थान पर विद्युत् उप-केन्द्र निर्माण करवा दिया जाता तो दोनों प्रखंड के कई गांव को बिजली आपूर्ति आसानी से हो जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति कराने हेतु प्रखंड शेरघाटी एवं डोभी के बीच स्थान पर विद्युत् उप-केन्द्र निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*2818. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मुशहरी के सामुदायिक अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था की शिकायत पर सिविल सर्जन, विशेष प्रखंड प्रभारी पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा एक वर्ष में दर्जनों बार निरीक्षण कर निर्देश दिये जाने के बावजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ है जिससे मरीजों में त्राहिमाम है, यदि हाँ, तो सरकार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मुशहरी के कार्यकलाप की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सेवा चालू कराना

*2819. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो प्रखण्ड के अकहा-कुरहा पंचायत 01 के ग्राम सोनवर्षा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु श्री राम दास शर्मा उर्फ अमनी के द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम जमीन दान दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन तैयार होने के बावजूद आजतक स्वास्थ्य सेवा चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन में स्वास्थ्य सेवा चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*2820. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के सहसपुर पंचायत के चंदौना निवासी श्री सुजीत मण्डल की पत्नी राधा देवी की मौत दिनांक 23 जून, 2022 को मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गयी थी जिसके संबंध में दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले थाना में कांड संख्या 79/2022, दिनांक 23 जून, 2022 दर्ज है साथ ही उक्त प्रखण्ड के ब्रह्मपुर पश्चिमी पंचायत के श्री संतोष कुमार साव, पिता-श्री सिद्धेश्वर साव की 25 वर्षीय पुत्री वाणी कुमारी की मौत सर्पदंश के कारण दिनांक 07 सितम्बर, 2024 को हो गयी जिसके संबंध में रेफरल अस्पताल जाले की पर्ची संख्या 5696, दिनांक 07 सितम्बर, 2024 में वाणी कुमारी का स्नेक बाईट से मृत्यु का स्पष्ट उल्लेख है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*2821. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित औरा पंचायत के परसा गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर का निर्माण वर्ष 2022 में शुरू किया गया था लेकिन आजतक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में केवल 50% प्रतिशत ही कार्य हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले संवेदक एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*2822. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट के बाद डायलिसिस (इलाज) के लिये महंगी दवाईयाँ लम्बे समय तक लेनी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आर्थिक आभाव के कारण बहुत से गरीब मरीज डायलिसिस के बाद महंगी दवाईयों के कारण आगे अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में राज्य के सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस के बाद चलने वाली महंगी दवाईयों को निःशुल्क उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना कराना

*2823. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचस में चिकित्सकों की स्वीकृत कुल 10 पद के विरुद्ध केवल एक चिकित्सक नियुक्ति पर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोचस, एन०एच० 319 एवं सासाराम चौसा पथ पर अवस्थित है यहां अधिक संख्या में रोगी आते हैं जिसका समुचित इलाज नहीं हो पाता है तथा दुर्घटनाग्रस्त रोगी को आपातकालीन स्थिति में दूसरे अस्पताल में रेफर करना पड़ता है, जिससे कई रोगी को रास्ते में दम तोड़ देते हैं ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचस में सृजित पद के अनुरूप चिकित्सकों का पदस्थापना करने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2824. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा के जन-नायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग संचालित नहीं है और स्वीकृत पदों के विरुद्ध चिकित्सकों, टेक्निशियन, ऑप्टिशियन, ऑडियो मेट्रिशियन, डेंटल टेक्निशियन की काफी कमी है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त अस्पताल में रिक्त पदों पर शीघ्र प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*2825. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत प्रखंड फुलवारीशरीफ के ग्राम पंचायत नोहसा में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण ग्रामवासियों को इलाज हेतु लगभग 5 किलोमीटर दूर फुलवारी प्रखंड के सरकारी अस्पताल एवं 04 किलोमीटर दूर एम्स अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत नोहसा में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 27 फरवरी, 2026 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० - 47 (एल०ए०), 2025-26 डी०टी०पी०-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026